**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 3030**
**13 दिसंबर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**दक्षिणी राज्यों में टीएफआर**

**3030. श्री श्रीभरत मतुकुमिल्लि:**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आंध्र प्रदेश सहित दक्षिणी भारतीय राज्यों के विभिन्न जिलों में प्रतिस्थापन स्तर से नीचे की कुल प्रजनन दर (टीएफआर) का ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार ने संपूर्ण देश में, विशेषरूप से देश के दक्षिणी राज्यों में प्रजनन दर में हो रही गिरावट का संज्ञान लिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार का विचार आंध्र प्रदेश राज्य सरकार द्वारा की गई पहल के समान, घटती प्रजनन दर की समस्या का समाधान करने के लिए नीतियां या प्रोत्साहन शुरू करने का है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

(क): कुल प्रजनन दर (टीएफआर) का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार ब्यौरा अनुलग्नक में है।

(ख) से (घ): भारत ने एनएफएचएस-5 (2019-21) के अनुसार 2.0 की कुल प्रजनन दर (टीएफआर) प्राप्त कर ली है। यह राष्ट्रीय जनसंख्या नीति 2000 और राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 (2.1 की टीएफआर) के अनुरूप है। सरकार गर्भधारण के सही समय-निर्धारण और अंतराल के बारे में जागरूकता बढ़ाकर, परिवार नियोजन सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करके और प्रजनन क्षमता को प्रबंधित करने के लिए उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के आधार पर कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना (पीआईपी) में राज्यों द्वारा प्रस्तावित बजट को मंजूरी देकर क्षेत्रों में प्रजनन क्षमता के प्रतिस्थापन स्तरों को प्राप्त करने और बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित करती है।

दिनांक 13.12.2024 को उत्तर के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न 3030 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

अनुलग्नक

राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार कुल प्रजनन दर (टीएफआर)
(स्रोत: राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस 5) 2019-21)

| क्रम सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | टीएफआर |
|---|---|---|
| भारत | | **2.0** |
| 1. | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 1.3 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | 1.7 |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | 1.8 |
| 4. | असम | 1.9 |
| 5. | बिहार | 3.0 |
| 6. | चंडीगढ़ | 1.4 |
| 7. | छत्तीसगढ़ | 1.8 |
| 8. | दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 1.8 |
| 9. | दिल्ली | 1.6 |
| 10. | गोवा | 1.3 |
| 11. | गुजरात | 1.9 |
| 12. | हरियाणा | 1.9 |
| 13. | हिमाचल प्रदेश | 1.7 |
| 14. | जम्मू एवं कश्मीर | 1.4 |
| 15. | झारखंड | 2.3 |
| 16. | कर्नाटक | 1.7 |
| 17. | केरल | 1.8 |
| 18. | लद्दाख | 1.3 |
| 19. | लक्षद्वीप | 1.4 |
| 20. | मध्य प्रदेश | 2.0 |
| 21. | महाराष्ट्र | 1.7 |
| 22. | मणिपुर | 2.2 |
| 23. | मेघालय | 2.9 |
| 24. | मिजोरम | 1.9 |
| 25. | नागालैंड | 1.7 |
| 26. | ओडिशा | 1.8 |
| 27. | पुदुचेरी | 1.5 |
| 28. | पंजाब | 1.6 |
| 29. | राजस्थान | 2.0 |
| 30. | सिक्किम | 1.1 |
| 31. | तमिलनाडु | 1.8 |
| 32. | तेलंगाना | 1.8 |
| 33. | त्रिपुरा | 1.7 |
| 34. | उत्तर प्रदेश | 2.4 |
| 35. | उत्तराखंड | 1.9 |
| 36. | पश्चिम बंगाल | 1.6 |

******